# दैनिक घटती घटना

सत्य के साथ...जनहित में बात...

www.ghatatighatana.com अम्बिकापुर,वर्ष 22, अंक - 87- सोमवार 26- जनवरी 2026,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 4 रूपये RNI Reg.No.- CHHHIN/2004/15050,डाक पंजीयन. क्रं. 13/Surguja DN/ 2026-2028


## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर घटती-घटना परिवार की ओर से समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों समेत घटती-घटना के स्नेही पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचितंकों को अशेष बधाई एवं शुभकामनायें..

शुभकामनाओं सहित
संपादक

## सूचना

दैनिक घटती-घटना के सुधिपाठकों, विज्ञापनदाताओं,शुभचिंतको एवं सहयोगियों को सूचित किया जाता है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को घटती-घटना कार्यालय में अवकाश रहेगा ।

अत: प्रकाशन का अगला अंक दिन-बुधवार 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

### 77वां गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधन

# भारत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा,बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर रिकॉर्ड बनाया : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2026।** 77वां गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ये उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस साल गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस का यह पवित्र दिन हमें देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर सोचने और समझने का मौका देता है। समय के साथ हमारे देश की हालत बदली है। भारत आजाद हुआ और हम खुद अपने देश के भविष्य को तय करने वाले बने। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेल-कूद में हमारी बेटियों ने रिकॉर्ड बनाए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति कानून से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। भारत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा



### राष्ट्रपति के अभिभाषण की 6 मुख्य बातें...

- **शांति संदेश पर**...हमारी परंपरा में हमेशा पूरी सृष्टि में शांति बनाए रखने की प्रार्थना की जाती रही है। अगर दुनिया में शांति रहेगी तभी मानवता का भविष्य सुरक्षित होगा। आज जब दुनिया के कई हिस्सों में अशांति फैली हुई है, ऐसे समय में भारत शांति और भाईचारे का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचा रहा है। हमें गर्व है कि हम भारत भूमि पर जन्मे हैं। हमारे देश के लिए कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा था- 'हे मेरे देश की मिट्टी, मैं तुम्हारे चरणों में अपना सिर झुकाता हूं।'
- **विकास में अलग-अलग सेक्टर की भूमिका...** हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर,नर्स,स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं।
- **नारी शक्ति पर**...वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य,शिक्षा,सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर...

पिछले साल हमारे देश ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद के ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। आतंक के अनेक ठिकानों को धवस्त किया गया। बहुत से आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया।

#### मतदाता दिवस पर...

25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबासाहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है।

#### पर्यावरण संरक्षण पर...

पर्यावरण संरक्षण आज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। मुझे इस बात पर गर्व होता है कि पर्यावरण से जुड़े अनेक क्षेत्रों में भारत ने विश्व समुदाय का मार्गदर्शन किया है। प्रकृति के साथ समन्वित जीवन-शैली भारत की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा रही है।

## मेहमान यूरोपीय नेताओं को गार्ड ऑफ ऑनर, गणतंत्र दिवस पर होंगे मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली, 25 जनवरी 2026।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा रविवार को गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व भारत पहुंच गए। उन्हें और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दोनों यूरोपीय नेता 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अपने आगमन पर अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा ने 'एक्स' पर कहा कि भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 16वें यूरोप-भारत शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आकर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। व्यापार और सुरक्षा से लेकर स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और मज़बूत जन संबंधों तक दोनों पक्ष एक मज़बूत और बढ़ती ईयू-भारत साझेदारी का जश्न मना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि राजकीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचने पर मेहमान नेता का हवाई अड्डे पर मंत्री जितिन प्रसाद ने स्वागत किया। एंतोनियो कोस्टा और उर्सुला फॉन डेर लेयेन भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। यह उच्चस्तरीय यात्रा भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने तथा आपसी विश्वास और सहयोग को नई ऊंचाई देने में बेहद महत्वपूर्ण है।

## पद्म पुरस्कारों का ऐलान...धर्मेंद्र को पद्म विभूषण शिबू सोरेन को पद्म भूषण, रोहित को पद्म श्री

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2026।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं।



### 19 महिलाएं और 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मान

कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों , भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं,साथ ही 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता वी. एस. अच्युतानंदन व दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को वर्ष 2026 के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। लोक कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश के. टी. थॉमस, कला के क्षेत्र में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका और वायलिन वादक एन. राजम, तथा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में वरिष्ठ मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।

### पद्म विभूषण (5)

- धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) कला (महाराष्ट्र)
- के. टी. थॉमस- लोक कार्य (केरल)
- एन. राजम -कला (उत्तर प्रदेश)
- पी. नारायणन -साहित्य एवं शिक्षा (केरल)
- वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत) लोक कार्य (केरल)

पद्म भूषण पाने वालों में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अलका याग्निक, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मशहूर अभिनेता मम्मूटी और उद्योगपति-बैंकर उदय कोटक प्रमुख हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन और भाजपा नेता वी. के. मल्होत्रा को भी पद्म भूषण दिया गया है। वहीं अभिनेता और हास्य कलाकार सतीश शाह को पद्म श्री से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। टेनिस जगत के दिग्गज विजय अमृतराज को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। वहीं क्रिकेटर रोहित शर्मा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी खिलाड़ी सविता पुनिया को पद्म श्री प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एम. जगदीश कुमार,प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पति तथा अभिनेता आर. माधवन और प्रोसेनजीत चटर्जी भी पद्म श्री से सम्मानित होने वालों में शामिल हैं।

अल्का याज्ञनिक- कला (महाराष्ट्र)

- भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड)
- डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु)
- मम्मूटी- कला (केरल)
- डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र)

एस. के. एम. माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु)

शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक)

## एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित

### सेना के 3 अफसरों को कीर्ति चक्र,13 को शौर्य चक्र



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2026।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। एस्ट्रोनॉट और एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र 3 किया जाएगा। वहीं तीन अधिकारियों को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र दिया जाएगा। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड,होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं।

**जम्मू-कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में 45 वीरता पदक :** सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया।

## डीआरआई ने महाराष्ट्र के सातारा में मारा छापा,6 हजार करोड़ की ड्रग्स जब्त



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2026।** डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट (डीआरआई) की एक टीम ने महाराष्ट्र के सातारा जिले में रविवार को छापा मारकर 6 हजार करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है। हालांकि इस छापे की कार्रवाई बेहद गोपनीय रखी गई। अभी तक इस संबंध में डीआरआई की ओर से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि आज सुबह ही पुणे डीआरआई की टीम सातारा जिले की कराड तहसील के पाचपुतेवाड़ी में पहुंची और एक पतरे के शेड में छापा मारा। इस टीम में तीन आईपीएस अधिकारी मौजूद थे। इस छापे की खबर सातारा पुलिस अधीक्षक अथवा स्थानीय पुलिस को भी नहीं दी गई थी। डीआरआई की टीम ने इस शेड में भारी मात्रा में एमडी ड्रग जब्त किया है,जो मुंबई सहित कई शहरों में सप्लाई किया जाने वाला था। इस जगह पर छापेमारी के बाद डीआरआई ने शेड को सील कर दिया है। अब तक की जानकारी के अनुसार यह शेड महाराष्ट्र केसरी संजय पाटिल मर्डर केस के मुख्य आरोपित बाबा मोरे का है और उसे हिरासत में लिया गया है। डीआरआई की टीम इस मामले गहन छानबीन कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2026।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सर टुली पत्रकारिता की दुनिया की एक बड़ी आवाज थे, जिनका भारत और भारतीयों से गहरा जुड़ाव उनके लेखन और रिपोर्टिंग में स्पष्ट दिखाई देता था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सर मार्क टुली के निधन से दुखी हूं। पत्रकारिता की एक बड़ी आवाज अब हमारे बीच नहीं रही। भारत और भारतीयों से उनका जुड़ाव उनके कार्यों में झलकता था। उनकी रिपोर्टिंग और विचारों ने जन विमर्श पर स्थायी छाप छोड़ी है। उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। उल्लेखनीय है कि मार्क टुली का जन्म 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने बीबीसी में लंबा कार्यकाल बिताया और करीब 22 वर्षों तक नई दिल्ली ब्यूरो प्रमुख रहे।







## संपादकीय

# संविधान के प्रति राजनीतिक जागरूकता पर्याप्त नहीं...

**विश्व का सबसे विशाल और समावेशी भारतीय संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं,बल्कि जीवंत 'नीतिग्रंथ' है। भारत की श्रेष्ठतम मेधा द्वारा लगभग तीन वर्षों के गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार संविधान भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का संगम है। प्रो. संजीव कुमार शर्मा बता रहे हैं कि संविधान के प्रति केवल राजनीतिक जागरूकता ही पर्याप्त नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसे अपने स्वाभिमान के रूप में करना चाहिए स्वीकार भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। ब्रिटिश आधिपत्य से स्वाधीनता के समय भारत के नेतृत्व ने भावी पीढ़ियों के शासन-प्रशासन हेतु एक संविधान का निर्माण किया। दो वर्ष,11 महीने और 18 दिन तक संविधान सभा की बैठकें हुईं। उसके परिणामस्वरूप हमें विश्व का विशालतम संविधान प्राप्त हुआ...**

नौ दिसंबर 1946 से प्रारंभ कर 26 नवंबर 1949 तक हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत के राजनीतिक,सामाजिक,आर्थिक और प्रशासनिक जीवन के विभिन्न आयामों पर वृहद विचार विमर्श किया। उन्होंने विश्व के अनेक विद्यमान संविधानों का भी गहन अध्ययन किया और भारत के संविधान में संसार भर के संविधानों के श्रेष्ठ और स्वीकार्य तत्व सम्मिलित किए गए। इस प्रकार भारत का संविधान ऐसा अभिलेख बन गया जो विश्व की श्रेष्ठतम लोकतांत्रिक संस्थाओं और परंपराओं का सहज समावेश करता है।

भारतीय संविधान की निर्मिति में संलग्न लगभग 300 व्यक्तियों की ओर दृष्टिपात करें तो यह ध्यान में आता है कि तत्कालीन भारत की श्रेष्ठतम मेधा, मनीषा,प्रतिभा संविधान सभा में उपलब्ध थी। वह संविधान सभा अनेक विचारधाराओं,क्षेत्रों,मतावलंबियों,भाषा-भाषियों,आजीविकाओं,समुदायों, संप्रदायों,राज-व्यवस्थाओं और रुचियों का प्रतिनिधित्व करती थी।

वहां राजनेता,साहित्यकार,लेखक,उपन्यासकार,दार्शनिक,वकील,चिकित्सक, किसान,आदिवासी सभी प्रकार के व्यक्ति थे। उन सबने लगभग प्रत्येक शब्द, प्रत्येक अनुच्छेद,प्रत्येक संस्था और प्रत्येक नियम-विधि पर गहन और गंभीर वाद विवाद भी किया। इसका ही परिणाम हुआ कि भारतीय संविधान अपनी प्रस्तावना में ही अपने दार्शनिक मूल्यों और व्यावहारिक आधार की स्पष्ट उद्घोषणा करता है। वह एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना का उद्घोष करता है।

कालांतर में 1976 में आंतरिक आपातकाल में यहां पंथनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द भी जोे दिए गए। यह संविधान भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ-साथ विचार अभिव्यक्ति, आस्था,विश्वास तथा उपासना की स्वतंत्रता तथा स्तर और अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह संविधान भारत के नागरिकों में आपसी बंधुता बनाए रखने को कटिबद्ध है। यह भारत की राष्ट्रीय एकता और अक्षुण्णता बनाने के लिए संकल्पित है।

भारतीय संविधान अपने चरित्र में कठोरता और नमनीयता के सम्मिश्रण से युक्त है। वह समकालीनता की अपेक्षाओं और परिवर्तनशील युगीन आकांक्षाओं के अनुरूप स्वयं को रूपांतरित करने में सक्षम है। वह अनेक प्रविधानों और उपबंधों के रूप में सामाजिक परिवर्तन का प्रमुखतम संवाहक भी बन गया है। वह भारत के प्रशासनिक नियमन का मुख्यतम स्रोत तथा आधार है। वह देश के सभी राजनीतिक तथा शासकीय संस्थानों का दिशा निर्देशक उपकरण है।

# 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस आज



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक,हरियाणा

हमारे देश में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों के द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। इस गणतंत्र दिवस को मनाए जाने का मुख्य कारण हमारे संविधान दिवस को याद करके इसके निर्माताओं का धन्यवाद करने के लिए ही है। भारतीय संविधान को 26 जनवरी, 1949 को अपनाया गया और इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। संविधान का मतलब होता है कुछ नियम और कायदे जो देश चलाने के लिए जरूरी होते हैं। भारत का संविधान नागरिकों के अधिकारों तथा कर्तव्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। भारत का संविधान संविधान सभा के सदस्यों के द्वारा बनाया गया था जिसके अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर थे। भारत का संविधान लोकतंत्र का सबसे बड़ा लिखित संविधान है इसके 251 पृष्ठ हैं। इसे श्री प्रेम बिहारी नारायण राय ज्यादा ने अपने हाथ से लिखा था।

भारतीय संविधान मैं धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद,समानता तथा बंधुत्व की बात कही गई है! भारतीय संविधान के अनुसार देश में लोकतंत्र की पार्लियामेंट्री सिस्टम आफ गवर्नमेंट को अपनाया गया है जिसके मुताबिक हर 5 साल के बाद केंद्र तथा राज्य सरकारों के लिए मतदाताओं द्वारा अपनी पसंद की सरकार चुनी जाएगी। चुनाव का कार्य स्वतंत्र चुनाव आयोग द्वारा करवाया जाएगा। संविधान के अनुसार देश राज्यों का संघ होगा जिसमें प्रदेशों में राज्य सरकारें तथा केंद्र में केंद्रीय सरकार होगी। केंद्र तथा राज्य सरकारों के कार्य तथा अधिकार का बटवारा संविधान में बताया गया है।



भारतीय संविधान के मुताबिक लोगों के कुछ मौलिक अधिकार होंगे जिनको प्राप्त करने के लिए देश के लोग स्वतंत्र न्यायपालिका का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं, संविधान में निर्देशक सिद्धांतों का वर्णन किया गया है, इन सिद्धांतों में कुछ ऐसे कार्य हैं जो कि सरकारों के द्वारा लोकहित तथा देश की सुरक्षा के लिए लोगों से बिना कुछ लिए किए जाएंगे जैसे शिक्षा,चिकित्सा,यातायात,देश की सुरक्षा आदि।

संविधान के अनुसार भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के निम्नलिखित चार अंग होंगे

1 विधायिका
2 कार्यपालिका
3 न्यायपालिका
4 मीडिया

विधायक का का काम देश को चलाने के लिए कानून बनाना, बजट पास करना आदि होगा।

कार्यपालिका का काम केंद्र में प्रधानमंत्री तथा मंत्री परिषद,राज्यों में मुख्यमंत्री तथा मंत्री परिषद के द्वारा शासन व्यवस्था चलाना होगा। राज्यों में संविधान के मुताबिक ठीक काम हो रहा है या नहीं इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए केंद्र सरकार के द्वारा प्रत्येक राज्य में मुख्यमंत्री की सलाह के मुताबिक गवर्नर नियुक्त किया जाएगा जो कि समय समय पर राज्य की स्थिति के बारे में अवगत कराता रहेगा लेकिन सक्रिय राजनीति में हिस्सा नहीं लेगा। न्यायपालिका संविधान की व्याख्या करेगी,केंद्र तथा राज्यों में झगड़ा होने की स्थिति में फैसला करेगी, अगर लोग निचली अदालतों के फैसले से संतुष्ट नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट उनके मामलों का भी निपटारा करेगी। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है मीडिया। किसी देश का मीडिया हस्तक्षेप के बिना देश से संबंधित सूचनाओं को निष्पक्षता,निडरता तथा प्रलोभन के व्यक्त करता रहेगा। समय-समय पर सरकार के कार्यों तथा नीतियों की समीक्षा करता रहेगा तथा सरकार से जनहित में सवाल भी पूछता रहेगा।

इस पृष्ठभूमि को लेकर हमारे देश में हर साल 26 जनवरी को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों के द्वारा गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

सवाल पूछा जा सकता है कि हमारे देश में जिन बातों को लेकर संविधान लिखा गया था और उसके मुताबिक देश को चलाने की बात कही गई थी क्या वह सब कुछ उसी के मुताबिक हो रहा है। कोई संदेह नहीं कि भारतीय लोकतंत्र अब तक संविधान के मुताबिक ही चल रहा है। लेकिन पूर्ण तौर पर देश इसके मुताबिक चल रहा है या नहीं यह विवाद का विषय है। समय समय पर विभिन्न दलों की सरकारें जन कल्याण के नाम पर इसमें संशोधन करती रही है, हालांकि संविधान निर्माताओं ने भविष्य में होने वाली सभी संभावित बातों को ध्यान में रखकर इसे लिखा था। इसमें कोई शक नहीं कि जिस दल की भी सरकार आई उसने संविधान की अपने ढंग से व्याख्या की और इसका इस्तेमाल किया। संविधान के अनुसार स्थापित स्वायत्त संस्थाएं जैसे सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट,ईडी आदि का अपने राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए दुरुपयोग किया। कांग्रेस प्रशासन में सुप्रीम कोर्ट ने...सीबीआई को... पिंजरे का तोता...कहकर इसके दुरुपयोग की बात कही थी! वर्तमान सरकार के समय उपर्युक्त स्वायत्त संस्थाओं का अपने विरोधी राजनीतिक दलों के खिलाफ खूब प्रयोग किया जा रहा है। हमारे देश में यूं तो न्यायपालिका स्वतंत्र है लेकिन कभी-कभी इसके निर्णय इसके स्वतंत्र होने पर लोगों के मन में शक पैदा करते हैं। न्यायपालिका में फैसला करने में कई बार 15 से 20 वर्ष लग जाते हैं, कुछ मामलों में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की बदबू भी आती है।

जहां तक विधायका की बात है बहुत बार यह ठीक काम नहीं करती। संसद तथा विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि शोर शराबा करते हैं,अध्यक्ष की अनुमति के बिना बोलने की कोशिश करते हैं,बहुत सारे कानून बिना बहस के पास हो जाते हैं। बहुत बार शोर शराबे के कारण संसदीय कार्य बिना किसी कार्रवाई के ही स्थगित करना पड़ता है। कई बार ऐसे होता है कि कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट सरकार के खिलाफ फैसला देता है और सरकार बहुमत के सहारे संसद में उसके खिलाफ नया कानून पास करके सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई को ही निष्क्रिय कर देता है। यह तो सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई का मजाक समझा जाएगा। बहुत बार केंद्र के इशारे पर राज्यों के गवर्नर राज्य सरकार के काम को ठीक तरीके से नहीं होने देते। हमारे देश में धर्मनिरपेक्षता के अनुसार देश का प्रशासन चलाया जाता रहा है। लेकिन इन दिनों में यह देखा गया है कि विभिन्न राजनीतिक दल जीतने के लिए धर्म का सहारा लेते हैं, विभिन्न धर्मों में फूट डलवा कर मतदाताओं को भ्रमित करते हैं। देश में चुनाव स्वतंत्र तथा निष्पक्ष होने चाहिए लेकिन आजकल चुनाव आयोग की भूमिका तथा ईवीएम पर ही संदेह प्रकट किये जा रहे हैं। हमारी चुनाव प्रणाली में आजकल विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को मुफ्त की रेवड़िया बांटने का जो सिलसिला शुरू हुआ है उसे राजनीतिक भ्रष्टाचार ही कहा जाएगा। हमारे संविधान के अनुसार देश में समानता होनी चाहिए जो कि देखने को नहीं मिलती। हमारे देश में धन तथा संपत्ति का बटवारा बड़े-बड़े कॉरपोरेटियों के पक्ष में है और गरीब लोगों को सरकार 5 किलो अनाज मुफ्त में देकर उनका पेट पाल रही है जबकि चाहिए था यह कि देश में रोजगार ज्यादा मिलता,कीमतों पर नियंत्रण होता,गरीबी दूर होती। संविधान के निर्देशक सिद्धांतों के विपरीत शिक्षा, चिकित्सा,पीने का पानी,यातायात आदि मुफ्त में सरकार के द्वारा लोगों के लिए उपलब्ध करने के बदले में निजी क्षेत्र के द्वारा ऊंचे ऊंचे भावों के ऊपर लोगों को दिए जा रहे हैं।

जहां तक भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की बात है इसकी स्वतंत्रता तथा निष्पक्षता कहीं देखने को नहीं मिलती। चाहे प्रिंट मीडिया हो या फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो ये सब सच्चाई बयान नहीं करते। जो कुछ सरकार इनको कहती है वहीं कुछ यह लोगों को बताते हैं। मीडिया सरकार से कोई सवाल नहीं पूछ सकता,सरकारी नीतियों की आलोचना नहीं कर सकता। मीडिया का स्वतंत्र ना होना देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक स्थिति का ठीक ठीक ज्ञान प्राप्त करने में कठिनाई पैदा करता है। मीडिया के ऊपर बड़े-बड़े कॉरपोरेटियों ने कब्जा कर रखा है जो कि सरकार की नीतियों का समर्थन करते हैं और उसके बदले में सरकार से किसी न किसी कार्य को प्राप्त करके पुरस्कृत होते हैं। यही कारण है कि समय-समय पर सरकार के ऊपर संविधान की अवहेलना करने का आरोप लगाया जाता है।

वह बात अलग है कि सत्ता पक्ष तथा विपक्ष एक दूसरे के ऊपर संविधान की अवहेलना करने का आरोप तथा प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि सत्ता पक्ष सदन में अपने बहुमत का दुरुपयोग तो करता ही है।

बेशक सत्ता पक्ष तथा विपक्ष संविधान के मुताबिक अपना काम ना कर रहे हो लेकिन इसके बावजूद भी कुल मिलाकर देश का प्रशासन संविधान के मुताबिक ही चल रहा है। इसका बड़ा सबूत यह है कि हम अपना गणतंत्र दिवस हर साल बहुत शाने`` और शौकत से मनाते आ रहे हैं। जिस भावना को लेकर हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान को बनाया था अगर उस पर ईमानदारी से अमल किया जाए तो भारत के विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को दुनिया की नजर में और भी ज्यादा इज्जत से देखा जाएगा।

## नवीन संकल्पों के साथ नया आकाश



संजीव ठाकुर,
रायपुर,छत्तीसगढ़



26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरवशाली दिवस है। लोकतंत्र निहित स्तंभों को द्विगुणित करता लोकतांत्रिक महापर्व गणतंत्र दिवस द्य आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों केंद्र निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी तब जाकर ही गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। तत्कालीन वायसराय राज गोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1947 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है। क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं,एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है। राष्ट्रीय एकता का यह पर्व हम सबको एवं सभी धर्मों को मिलजुल कर रहने एवं प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर संभव देश के स्वतंत्रता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर नए संकल्प यानी नारी शक्ति की आराधना, बालिकाओं के समग्र विकास की परिकल्पना देश की हर संभव विकास की संभावनाओं को अग्रसर करना एवं सांप्रदायिक सौहार्द शांति अमन बनाए रखने में हर संभव एकजुट रहना होगा। यह सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने विकास की नई शाखाएं विज्ञान, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य,स्पेस रिसर्च एवं सामरिक महत्व के कई अविष्कारों पर अपनी प्रगति की छाप छोड़ी है। भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश में चहुमुखी विकास किया है। एवं विदेशों में भी भारतीय लोगों ने अपना परचम फैलाया है। वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण में भारत वासियों ने जिस एकजुटता एवं अपनी जिजीविषा का परिचय देकर इसे प्राप्त किया है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। भारत सरकार ने न सिर्फ अपने देश के नागरिकों की रक्षा की है बल्कि विदेशों में गरीब लोगों के लिए दवाइयां एवं इंजेक्शन भी निर्यात किए हैं। गणतंत्र दिवस में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम धार्मिक आडंबर,अंधविश्वास एवं शिक्षा को देश से समूल नष्ट कर बाहर फेंकने का काम करेंगे। स्त्रियों बालिकाओं को उचित सम्मान देकर उनकी शिक्षा उनके सम्मान एवं उनकी सहभागिता को उचित महत्व देकर आगे बढ़ाएंगे। गणतंत्र दिवस को नई कल्पना नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ मनाना होगा।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का रोचक इतिहास



लाल बिहारी लाल
नई दिल्ली




सदियों की गुलामी के बाद आजादी की पहली मांग सन् 1857 ईस्वी में पुरजोर तरीके से उठी उसी समय राष्ट्र के ध्वज बनाने की योजना बनी परंतु पहले स्वतंत्रता संघर्ष के परिणाम को देखकर झंडे की मांग बीच में ही अटक गई । वर्तमान स्वरूप में विद्यमान झंडा कई चरणों से होकर गुजरा है । प्रथम चित्रित ध्वज स्वामी विवेकानंद की शिष्या भगिनी निवेदिता द्वारा 1904 में बनाया गया था और इसे 7 अगस्त 1906 के कोलकाता में कांग्रेस के अधिवेशन में फहराया गया था । इस ध्वज को क्षैतिज तीन रंगो लाल, पीला एवं हरे रंग की क्षौतिज पट्टियां बनाया गया था ।ऊपर की ओर हरी पट्टी में आठ कमल थे जिनका रंग सफेद था ,नीचे की लाल पट्टी में सूरज और चांद बनाए गए सफेद रंग से बनाये गए थे बीच की पीली पट्टी पर नीले रंग से वंदे मातरम लिखा गया था।

द्वितीय ध्वज की बात करें तो सन 1907 ईस्वी में मैडम भीका जी कामा और कुछ अन्य निर्वाचित क्रांतिकारियों ने मिल कर पेरिस में पहली बार फहराया था। तृतीय चित्र ध्वज की बात करें तो 1917 ईस्वी में राजनीतिक संघर्ष के दौरान एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक ने घरेलू शासन आंदोलन के दौरान फहराया था। इस ध्वज में पांच लाल और चार हरे क्षैतिज पट्टियां एक के बाद एक और सप्तऋषि के अभिविन्यास में इस पर सात सितारे बने थे ।ऊपरी किनारे पर बायी और यूनियन जैक था । उपर दायी तरफ एक कोने में सफेद अर्द्धचंद्र और सितारा भी था । कांग्रेस के विजयवाड़ा अधिवेशन में एक युवक पिंगली वेंकैया ने एक चौथा झंडा बनाया था जिसमें दो रंगों का लाल और हरा रंग का था जो दो प्रमुख समुदाय अर्थात हिंदू और मुस्लिम का प्रतिनिधित्व करता था गांधी जी ने 1921 ईस्वी में सुझाव दिया कि भारत के शेष समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसे एक सफेद पट्टी मध्य में और सफेद पट्टी के बीच में प्रगति के लिए चलता हुआ चरखा होना चाहिए। वर्ष 1931 में झंडा के इतिहास में एक नया मोड़ आया तिरंगे ध्वज को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने का एक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें तीन रंग उपर केसरिया बलिदान का प्रतीक बीच में सफेद शांति का प्रतिक और अशोक स्तंभ से लिया चक्र इसे विधि चक्र भी कहते हैं जिसमें 24 तिल्लिया प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देती है और सबसे नीचे हरा रंग हरियाली एवं खुशहाली का प्रतीक । तीनों पट्टियां समानुपात में आयताकार जिसकी लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3÷2है। इसे राष्ट्रध्वज के रूप में मान्यता मिली 22 जुलाई 1947 ई. को संविधान सभा ने वर्तमान भारत के तिरंगा को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया तथा आजादी के बाद भी इसका रंग और महत्व आज भी बना हुआ है ।इस ध्वज को आज 26 जनवरी 1950 को संवैधानिक मान्यता प्राप्त हुआ। ये था राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का रोचक इतिहास ।

# संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए चुनौतियों पर विजय पाने का अवसर

शिवप्रकाश

26 जनवरी को भारत अपने गणतंत्र का 76 वां वर्ष हर्षोल्लास से मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपने संविधान को लागू किया था। 75 वर्षों की भारत की यह यात्रा चुनौतियों से भरी हुई लेकिन एक सफल लोकतंत्र की कहानी है। हमारी इस सफलता में भारत के संविधान का महत्वपूर्ण योगदान है। संविधान सभा द्वारा अपना यह संविधान 26 नवंबर 1949 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। हमने उस समय यह संकल्प दोहराया था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक,आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय देने के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी-अपनी श्रद्धा एवं आस्थाओं का पालन करते हुए बंधुभाव के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखेंगे। हमारे संविधान की विशेषताओं के संदर्भ में अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला ने कहा था कि भारत का संविधान दक्षिण अफ्रीका सहित कई अन्य उभरते लोकतंत्रों के लिए प्रेरणा बना है, क्योंकि इसने विविधता में सम्मान सिखाया है । गणतंत्र दिवस के इस उत्सव के अवसर पर हम भारत के लोगों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सजग रहते हुए उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करना है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने पंचप्रण के आह्वान में भारतवासियों से सभी प्रकार की गुलामी से मुक्ति का आह्वान किया है। कुछ विदेशी विद्वानों द्वारा योजनाबद्ध पद्धति से भारतीय समाज में हमारी व्यवस्थाओं, इतिहास, महापुरुषों एवं संस्कृति के प्रति हीनता का भाव उत्पन्न किया गया, इसका परिणाम हुआ कि हमारा समाज आत्महीनता के भाव से ग्रसित हुआ है। हमारे राष्ट्र का आधार क्या है,किन मूल्यों के आधार पर हम आगे बढ़ेंगे ऐसे विषयों पर संपूर्ण राष्ट्र संभ्रम में है। भारत ही दुनिया का ऐसा देश है जिसके नाम भी दो (भारत और इंडिया) हैं । यह स्थिति ही भारत के अनेक विवादों का कारण है। डॉ. एस. राधाकृष्णन का संविधान सभा का भाषण-राष्ट्रीयता निर्भर करती है । यह जीवन पद्धति तो इस देश की निजी वस्तु है। महात्मा विदुर जी ने कहा था कि संभ्रम की स्थिति में राजा,प्रजा सहित संपूर्ण राष्ट्र समाप्त हो जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के गौरव का स्मरण कर संभ्रमरहित अपने सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर समाज के जागरण का संकल्प लें।

**सूचना**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

-सम्पादक

## कविता

### मैं गणतंत्र भारत हूँ



मदन मंडावी
डोंगरगढ़,
राजनांदगांव,
छत्तीसगढ़




मैं सृष्टि का एक भू भाग,गणतंत्र भारत हूं।
जनजन का उद्धारक एक अनमोल पारस हूँ।
मैंने 26नवंबर 1949 को संविधान को स्वीकार किया।
और 26जनवरी 1950को जनभावों से साकार किया।
मैंने दबे कुचले शोषित पीड़ित को अधिकार दिया।
मैं उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम का संचालक हूं।
जनजन का उद्धारक........।
मुझमें हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई,
और रहते हैं जैन बौद्ध पारसी ।
और ना जाने कितने पंथ सम्प्रदाय
जो मेरे उतारते हैं निसदिन आरती ।
विविधता के इस देश में,सर्व धर्म का पालक हूं।
जनजन का उद्धारक.........।
मैं राम रहीम,ईश्वर अल्ला यीशु की प्रित।
हर संस्कृति हर विधि विधान में गूंजता गीत।
ऊँच नीच भेद मिटा दिया संविधान लिख।
रंग बसंती लिए इस धरा का मैं चारण हूं।
जनजन का उद्धारक........।
मैं गीता हूं, कुरान हूं, मैं बाइबिल गुरुग्रंथ समान हूं।
प्रकृति से है मेरा नाता मैं भी एक इंसान हूं।
पर्वत पठार नदी,समुद्र लहरों से बलखाती है।
जिसमे हो निस्वार्थ भाव,वो राष्ट्रधर्म सिखलाती है।
भारतीय सभ्यता संस्कृति का मैं संवाहक हूं।
जनजन का उद्धारक मैं,एक अनमोल पारस हूं..।।

## गणतंत्र दिवस



मन्नत रंधावा
गाहलियां


26 जनवरी 1950 को हमारे देश को संविधान मिला, जिसने हर भारतीय को समान अधिकार,समान अवसर और समान सम्मान दिया। आजादी हमें 1947 में मिली, लेकिन उसे सही दिशा देने का काम हमारे संविधान ने किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर और उनके साथियों ने ऐसा संविधान बनाया, जो हमें सिर्फ अधिकार नहीं, कर्तव्य भी सिखाता है यह ऐतिहासिक क्षणों में गिना जाने वाला समय था। इसके बाद से हर वर्ष इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इस दिन देशभर में राष्ट्रीय अवकाश रहता है।भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिया गया है।इस दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ था। तब से भारत एक गणतंत्र देश बन गया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने कितने त्याग किए। हमें उन नेताओं के सपनों को भी याद करना चाहिए जिन्होंने संविधान लिखा।

राजधानी दिल्ली में बहुत सारे आकर्षक और मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दिल्ली को अच्छी तरह सजाया जाता है कर्त्तव्यपथ पर बड़ी धूम-धाम से परेड निकलती है जिसमें विभिन्न प्रदेशों और सरकारी विभागों की झांकियाँ होतीं हैं। देश के कोने कोने से लोग दिल्ली मे 26 जनवरी की परेड देखने आते हैं। भारतीय सेना अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन होता है। 26 जनवरी के दिन धूम-धाम से राष्ट्रपति की सवारी निकाली जाती है तथा बहुत से मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।



# सरगुजा संभाग में गणतंत्र दिवस की भव्य तैयारी

# पीजी कॉलेज ग्राउंड में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा फहराएंगे तिरंगा



-संवाददाता-
अंबिकापुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।

77वें गणतंत्र दिवस का मुख्य एवं गरिमामय समारोह सरगुजा संभाग के जिला मुख्यालय अंबिकापुर में पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे। समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला मुख्यालय अंबिकापुर में सोमवार सुबह 9 बजे कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से होगी। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा ध्वज की सलामी ली जाएगी। राष्ट्रगान के बाद परेड कमांडर द्वारा परेड रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और मुख्य अतिथि परेड निरीक्षण करेंगे। संदेश वाचन के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े जाएंगे। इसके बाद हर्ष फायर, राष्ट्रपति की जय के नारों के साथ मार्च पास्ट संपन्न होगा। समारोह के दौरान कमांडरों का परिचय,शहीद परिवारों के परिजनों का सम्मान एवं फोटो सेशन किया जाएगा। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। विभिन्न विभागों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

### संभाग के अन्य जिलों में भी धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

बलरामपुर जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित किया गया है, जहां मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करेंगी। सूरजपुर जिले में सांसद चिंतामणि महाराज अग्रसेन ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा फहराएंगे। कोरिया जिले के बैकुंठपुर में रामानुज मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन होगा। यहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भैयालाल राजवाड़े होंगे, जो ध्वजारोहण करेंगे। वहीं मनेन्द्रगढ़ जिले में आमाखेरवा ग्राउंड में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह तिरंगा फहराएंगे। सरगुजा संभाग के सभी जिलों में गणतंत्र दिवस को लेकर प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गणतंत्र दिवस को लेकर आम नागरिकों, स्कूली बच्चों और सामाजिक संगठनों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

# नमनाकला में बिना अनुमति आयोजित धर्मसभा पुलिस ने रुकवाई



-संवाददाता-
अंबिकापुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नमनाकला में रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर ओमेगा टोप्पो के निवास पर आयोजित की जा रही धर्मसभा को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया। आयोजन की सूचना हिंदू संगठन द्वारा दिए जाने के बाद गांधीनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर ओमेगा टोप्पो के घर पर ईसाई समुदाय के लोगों द्वारा धर्मसभा आयोजित की जा रही थी। सभा में ईसाई धर्म के अलावा अन्य धर्मों के लोग भी शामिल थे। आयोजन के लिए जिला प्रशासन से किसी प्रकार की पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। बिना अनुमति धर्मसभा आयोजित होने की सूचना पर गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेने के बाद तत्काल धर्मसभा को रुकवाया। आयोजनकर्ताओं को समझाइश दी गई और सभा में शामिल प्रमुख लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य पर मामला दर्ज

गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर ओमेगा टोप्पो सहित अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार अपराध दर्ज किया गया है। विवेचना के दौरान अन्य लोगों के नाम भी जुड़ सकते हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



# प्रेस लिखी लग्जरी कार से शराब की तस्करी,एक आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।

प्रेस लिखी गाडि़यों के दुरुपयोग और अंतरराज्यीय शराब तस्करी का एक गंभीर मामला दरिमा थाना क्षेत्र में सामने आया है। आबकारी विभाग की कंट्रोल टीम ने शनिवार देर रात अड़ची नावानगर पुलिया के पास कार्रवाई करते हुए प्रेस लिखी लग्जरी कार से 15 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

आबकारी विभाग के अनुसार जब्त की गई शराब मध्यप्रदेश की बताई जा रही है, जिस पर एमपी का लेबल लगा हुआ था। कुल 15 पेटियों में करीब 135 लीटर गोवा अंग्रेजी शराब पाई गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है। शराब के साथ लग्जरी कार को भी जब्त कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात आबकारी विभाग की कंट्रोल टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान आबकारी निरीक्षक अनिल गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि दरिमा क्षेत्र में प्रेस लिखी एक कार के जरिए अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने तत्काल रणनीति बनाकर अड़ची नावानगर पुलिया के पास घेराबंदी की।

जैसे ही संदेहास्पद लग्जरी कार को रोका गया,कार में सवार एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरे व्यक्ति को टीम ने पकड़ लिया और जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तस्कर प्रेस लिखी गाड़ी का इस्तेमाल जांच से बचने और बिना रोक-टोक आवाजाही के लिए कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रंजीत सिंह उर्फ लड्डू सिंह के रूप में हुई है,जो मूल रूप से बिहार के नबीनगर का निवासी है। वर्तमान में वह अंबिकापुर के सुभाषनगर क्षेत्र में रहकर शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। आबकारी विभाग के अनुसार रंजीत पूर्व में अंबिकापुर की शासकीय शराब दुकान में कर्मचारी के रूप में कार्य कर चुका है, लेकिन किसी विवाद के चलते करीब तीन से चार वर्ष पहले उसे कंपनी से निकाल दिया गया था। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं फरार आरोपी की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले से जुड़े पूरे नेटवर्क और प्रेस लिखी गाड़ी के उपयोग की भी गहन जांच की जा रही है। यह कार्रवाई एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि प्रेस जैसे संवेदनशील पहचान चिन्हों का दुरुपयोग कर किस तरह अपराधी कानून को चकमा देने की कोशिश कर रहे हैं। आबकारी विभाग ने स्पष्ट

# चाकू मारकर युवक को जख्मी करने वाले नाबालिग सहित तीन आरोपी गिरफ्तार




-संवाददाता-
अंबिकापुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।

शहर में युवाओं के बीच बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति और ऑनलाइन माध्यम से हथियारों की आसान उपलब्धता एक बार फिर गंभीर चिंता का विषय बन गई है। मायापुर स्थित चांदनी चौक के पास शनिवार दोपहर चाय पी रहे एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने की घटना ने शहर को झकझोर कर रख दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


घटना शनिवार दोपहर की है, जब बौरीपारा निवासी ऋतिक जायसवाल अपने एक साथी के साथ चांदनी चौक के पास चाय पी रहा था। इसी दौरान तीन युवकों ने अचानक उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में ऋतिक के पेट में गंभीर चोट आई,जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश थी। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी सत्यम सोनकर (18 वर्ष) ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व ऋतिक द्वारा उसके भाई के साथ मारपीट की गई थी। उसी घटना का बदला लेने की नीयत से उसने अपने दोस्त आयुष सोनी (19 वर्ष) और एक नाबालिग के साथ मिलकर इस वारदात की योजना बनाई।

चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि आरोपियों ने हमले में प्रयुक्त करीब एक फीट लंबा चाकू ऑनलाइन माध्यम से मंगवाया था। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि कम उम्र के युवाओं को इस तरह के घातक हथियार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कितनी आसानी से उपलब्ध हो जा रहे हैं। घटना के बाद आरोपी घुटरापारा इलाके में छिप गए थे और शहर छोड़ने की तैयारी कर रहे थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने अपने मोबाइल फोन बंद कर रखे थे, लेकिन बीच-बीच में परिजनों से संपर्क करने के लिए मोबाइल ऑन कर रहे थे। इसी दौरान मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने तीनों को दबोच लिया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी सत्यम सोनकर और आयुष सोनी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, जबकि नाबालिग आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त कर लिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं में बढ़ती हिंसा,पुरानी रंजिश और ऑनलाइन हथियारों की उपलब्धता समाज के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे भी गहन जांच की जा रही है।

# बेकाबू हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा,युवक की मौके पर मौत



-संवाददाता-
अंबिकापुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।

शहर के बिलासपुर चौक के पास शनिवार रात तेज रफ्तार और बेकाबू हाइवा ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक हाइवा के पहिए के नीचे आ गया,जिससे उसका सिर कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दीपक मानिकपुरी पिता सबद उम्र 39 वर्ष, निवासी मुक्तिपारा अटल आवास, अंबिकापुर के रूप में हुई है। दीपक अपने दोस्त रवि कश्यप के साथ रहकर मजदूरी करता था। शनिवार रात दोनों बाइक से बिलासपुर चौक की ओर रवि के भाई को लेने जा रहे थे।

### पीछे से मारी टक्कर,सिर कुचलने से मौत

बताया जा रहा है कि दोनों युवक बिलासपुर चौक से आगे ही पहुंचे थे कि अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हाइवा ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दीपक सडक़ पर गिर पड़ा और उसका सिर हाइवा के पहिए के नीचे आ गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रवि कश्यप को भी चोटें आई हैं, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पूरी घटना आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना पर मणिपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की विवेचना जारी है।

# 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सरगुजा में जिला स्तरीय गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, नोडल प्राध्यापक और अधिकारी-कर्मचारी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

## लोकतंत्र की असली शक्ति किसी भवन में नहीं, बल्कि हर एक मतदाता में निहित है : कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा




-संवाददाता-
अंबिकापुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ, नोडल प्राध्यापकों, कैंपस एंबेसडर और निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### लोकतंत्र के असली हीरो हमारे मतदाताः संभागायुक्त

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर,सरगुजा संभाग श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा,लोकतंत्र की असली ताकत किसी भवन या संस्था में नहीं,बल्कि देश के हर मतदाता में बसी है। सरगुजा की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का जिक्र करते हुए उन्होंने दूरस्थ अंचल के मतदाताओं की जागरूकता की सराहना की। श्री दुग्गा ने विशेष रूप से उन बीएलओ के समर्पण को नमन किया जिन्होंने स्कूलों,बरामदों और पेड़ों के नीचे बैठकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए दिन-रात परिश्रम किया। उन्होंने युवाओं से अफवाहों और प्रलोभनों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करने का आह्वान किया।

### निष्पक्ष चुनाव ही गणतंत्र की सफलता : कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र लागू होने से ठीक एक दिन पहले 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था। यह इस बात का प्रतीक है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही गणतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि भारत सौभाग्यशाली है जहाँ आजादी के पहले दिन से ही बिना किसी भेदभाव के सभी को समान मताधिकार मिला,जबकि कई विकसित देशों में महिलाओं को इसके लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने निर्वाचन कार्य को 'पुनीत कार्य' की संज्ञा देते हुए बीएलओ की कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

### शुद्ध मतदाता सूची से बढ़ती है निर्भीकताःएसपी

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि पारदर्शी और अद्यतन मतदाता सूची ही मजबूत लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने बीएलओ के योगदान को सलाम करते हुए कहा कि जब सूची शुद्ध होती है, तभी मतदाता सक्षम और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाता है। उन्होंने मतदाताओं से 'विकसित भारत के संकल्प में भागीदार बनने के मताधिकार के इस्तेमाल करने की अपील की।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता का महापर्वःउप जिला निर्वाचन अधिकारी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि यह दिवस नागरिकों,विशेषकर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि मतदाता पंजीकरण को प्रोत्साहित करना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के समापन पर जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक मार्गदर्शन में सरगुजा जिला मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छुएगा।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त एवं रोल आब्जर्वर सरगुजा श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने उपस्थित सभी अधिकारियों,बीएलओ और युवा मतदाताओं को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण एवं नीतिपरक मतदान की सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शारदा अग्रवाल उप आयुक्त सरगुजा संभाग से श्री खूंटे स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता व जिला स्तरीय स्वीप प्लान कमेटी के सभी सदस्य, बीएलओ,कॉलेज कैंपस एंबेसडर एवं बड़ी संख्या में युवा मतदाता उपस्थित रहे।

दैनिक घटती-घटना
सभी पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-राजपुर
के समस्त कर्मचारीगण
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-कुसमी
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उप संभाग-1
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग
के समस्त स्टाफ, अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आयुर्वेद अधिकारी
के समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
उप संचालक
पंचायत एवं समस्त कल्याण विभाग
अम्बिकापुर,सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला खनिज अधिकारी
एवं समस्त कर्मचारीण
जिला खनिज कार्यालय
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिका निगम
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
छ.ग. मेडिकल सर्विसेस
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,उप संभाग क्र-1
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
26 January
तहसीलदार
तहसील कार्यालय के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
के समस्त कर्मचारी,अम्बिकापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अतिरिक्त क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
26 JANUARY
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-सीतापुर
के समस्त कर्मचारी सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-उदयपुर
के समस्त कर्मचारी,जिला-सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला प्रबंधक
नागरिक आपूर्ति निगम
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ
सरगुजा,छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
उप संचालक
एवं समस्त स्टाफ
कृषि विभाग-अम्बिकापुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
उद्यानिकी विभाग
के समस्त स्टाफ,अम्बिकापुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़

# नई टीम...नई ऊर्जा: रमेश तिवारी बने भाजयुमो कोरिया के जिला उपाध्यक्ष

## युवा नेता की नियुक्ति से संगठन में उत्साह,युवाओं को जोड़ने की नई रणनीति पर भरोसा

### युवाओं को जोड़ने की उम्मीद

भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि रमेश तिवारी की यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगी, उनके नेतृत्व में युवाओं की भागीदारी बढ़ने और संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, भाजयुमो सूत्रों के अनुसार, आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है।



-संवाददाता-
कोरिया,25 जनवरी 2026 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) कोरिया ने अपनी नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है, युवा नेतृत्व को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते हुए संगठन को और सशक्त करने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है, इसी क्रम में भाजयुमो के सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता रमेश तिवारी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, सोनहत जैसे वनांचल क्षेत्र से आने वाले रमेश तिवारी ने बीते वर्षों में अपनी निरंतर सक्रियता,संगठनात्मक दक्षता और जनसंपर्क के माध्यम से युवाओं के बीच विशेष पहचान बनाई है। उनकी नियुक्ति से भाजयुमो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।



### आरएसएस से जुड़ाव,जनसेवा की मजबूत पृष्ठभूमि

साधारण किसान परिवार से आने वाले रमेश तिवारी का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से भी जुड़ाव रहा है,सामाजिक सेवा उनकी पारिवारिक संस्कृति का हिस्सा रही है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में उनकी सकारात्मक छवि बनी है।

### छात्र राजनीति से संगठनात्मक नेतृत्व तक का सफर

रमेश तिवारी का राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ। छात्र संघ में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद उन्होंने भाजपा संगठन में प्रवेश किया और बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया, संसाधनों की कमी,विरोध और राजनीतिक दबावों जैसी चुनौतियों के बावजूद उन्होंने हर परिस्थिति को अवसर में बदलते हुए संगठन और जनता की सेवा को प्राथमिकता दी।

### निष्ठा और सक्रियता बनी पहचान

जब भाजपा विपक्ष में थी,तब भी रमेश तिवारी की संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता बनी रही, उनकी इसी प्रतिबद्धता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें वर्ष 2021 में भाजयुमो मंडल महामंत्री तथा वर्ष 2023 में भाजयुमो जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी, लगातार मेहनत और जमीन से जुड़े कार्यों ने उन्हें संगठन में एक भरोसेमंद युवा नेता के रूप में स्थापित किया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर सूरजपुर जिले को राज्य स्तरीय सम्मान



-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2026 (घटती-घटना)।

रायपुर में आयोजित 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में सूरजपुर जिले को Election Management and Logistics श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन जिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले द्वारा निर्वाचन प्रबंधन एवं लॉजिस्टिक व्यवस्था के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। जिले की ओर से यह पुरस्कार संयुक्त कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र शर्मा ने ग्रहण किया। आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 का राज्य स्तरीय समारोह विवेकानंद सभागार,इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय,रायपुर में आयोजित किया गया,जहां सूरजपुर जिले की इस उल्लेखनीय उपलब्धि को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रबंधन,प्रभावी लॉजिस्टिक व्यवस्था तथा मतदाता सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किए गए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह सम्मान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि यह सम्मान भविष्य में निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय समारोह में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अंतर्गत ईआरओ पुरस्कार श्रेणी में सरगुजा संभाग से जिला सूरजपुर के विधानसभा क्षेत्र 05-भटगांव की ईआरओ श्रीमती चांदनी कंवर को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। वहीं डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरस्कार के अंतर्गत सरगुजा संभाग से श्री आशीष कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर, जिला सूरजपुर का चयन किया गया, जिन्हें भी सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान, नवाचार, जिम्मेदारी पूर्ण कार्यशैली तथा निर्वाचक नामावली के अद्यतन एवं प्रबंधन में किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन,जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र-2, रामानुजगंज
Main Portal: http://egeprocurement.gov.in
WRD Portal : wrd.egeprocurement.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

आदेश क्रमांक - 145 / व.ले.लि. / 2025-26.
रामानुजगंज, दिनांक 22/01/2026

संभागीय कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 11/व.ले.लि./2025-26, दिनांक 17.11.2025, सिस्टम क्र. 178221 (प्रथम आमंत्रण) कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग एवं सिंचाई कालोनी वाड्रफनगर योजना कार्य 'जी' नम्बर 252604837, दिनांक 20/11/2025 में निविदाकार निरंक एवं निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2025-26, दिनांक 13.11.2025, सिस्टम क्र. 179265 (प्रथम आमंत्रण) जौराही जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य में एकल निविदाकार होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र-2 रामानुजगंज
जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0

जी नंबर-252606249/4

# चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 पर कोल्ट्स क्लब देवनगर का कब्जा

## फाइनल में ब्राइट स्टार विश्रामपुर को 1-0 से हराया,पांच हजार दर्शक बने साक्षी



### 16 टीमों ने लिया भाग

संभाग स्तरीय इस फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का सशक्त मंच मिला।

### विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार व ट्रॉफी,समापन समारोह में...

विजेता-कोल्ट्स क्लब देवनगर
31,000 नगद राशि एवं ट्रॉफी
उपविजेता- ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर
21,000 नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

-संवाददाता-
रामानुजनगर/सूरजपुर,
25 जनवरी 2026 (घटती-घटना)।

चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत देवनगर में खेला गया फाइनल मुकाबला उत्साह,रोमांच और खेल अनुशासन के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ, दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए महामुकाबले में कोल्ट्स क्लब देवनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया,मैच की शुरुआत से ही कोल्ट्स क्लब देवनगर ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया,पहले हाफ में किए गए शानदार गोल के दम पर टीम ने 1-0 की निर्णायक बढ़त बना ली, इसके बाद ब्राइट स्टार विश्रामपुर दबाव में नजर आई और मध्यांतर तक स्कोर यथावत रहा, दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने लगातार हमले करते हुए गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन कोल्ट्स क्लब की मजबूत डिफेंस लाइन,तेज पासिंग और बेहतर तालमेल के सामने विश्रामपुर की टीम कोई सफलता हासिल नहीं कर सकी।





### 5 हजार दर्शकों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

फाइनल मुकाबले को देखने के लिए मैदान में लगभग 5,000 दर्शकों की उपस्थिति रही। पूरे मैच के दौरान तालियों और नारों से स्टेडियम गूंजता रहा,जिससे खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर दिखाई दिया।

### गरिमामयी उपस्थिति

फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी,छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर,भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी,अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे, इसके अलावा मुकेश गर्ग,शशिनाथ तिवारी, दीपक गुप्ता,कपिल पाण्डेय,विजय राजवाड़े, कौशल सिंह,संत सिंह,श्रीमती स्वाति सिंह, राजेश्वर तिवारी,संजू सोनी,अशोक यादव, सरपंच अक्षय सिंह,उपसरपंच विकास गुप्ता, मुकेश गुप्ता,बाबूलाल प्रजापति,दौलत प्रताप सिंह, हरि यादव,यशवंत पांडव,भूपेश सिंह, रविशंकर पाण्डेय,श्रीकांत पाण्डेय,करन सिंह, प्रेम यादव,निक्की बघेल,भोला राजवाड़े, मयंक, संस्कार,मुकुल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### रेफरियों ने निभाई अहम भूमिका

प्रतियोगिता को सफल बनाने में रेफरी सुनील साहू, देवसाय, रोहित रावत, अनमोल तिग्गा, इक़बाल,लव कुमार,समर बघेल तथा डॉ. डी.के. प्रधान का विशेष योगदान रहा।

# भक्ति की धारा में डूबा पटना गांव

## 11 कुण्डीय विष्णु महायज्ञ व भागवत कथा से गूंजा आस्था का स्वर,हर दिशा में राम-कृष्ण नाम



-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2026 (घटती-घटना)।

प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी का गृहग्राम पटना इन दिनों भक्ति,श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का जीवंत केंद्र बन गया है,ग्राम पंचायत पटना स्थित पावन गंवहा सरना प्रांगण में 19 जनवरी से आयोजित श्री श्री 11 कुण्डीय विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ने पूरे क्षेत्र को भक्ति रस से सराबोर कर दिया है। यज्ञ वेदी से उठती अग्नि की दिव्य लौ, वेद मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की अपार आस्था–हर दृश्य मन को भीतर तक स्पर्श कर रहा है। प्रतिदिन तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। हाथों में फूल-अक्षत लिए स्त्री-पुरुष, युवा और बच्चे सामूहिक रूप से आहुतियां समर्पित कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरा गांव एक साथ ईश्वर भक्ति में लीन हो गया हो।

### संतों के सानिध्य से बना दिव्य वातावरण

महायज्ञ में श्री श्री 108 (त्यागी) नागा बाबा रामदास जी महाराज (वाराणसी) एवं श्रीमद् भागवताचार्य अरुणाचार्य महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है, संतों के ओजस्वी प्रवचनों और यज्ञीय मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया है। यज्ञ की अग्नि और कथा की वाणी ने गांव में ऐसा आध्यात्मिक आलोक रचा है कि हर मन श्रद्धा से पुलकित नजर आ रहा है।

### दोपहर में भागवत, रात में रामलीला

आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन रात्रि में भव्य श्रीराम लीला मंचन हो रहा है, भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर गीता तत्व तक का भावपूर्ण वर्णन श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रहा है। वहीं रामलीला मंचन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श चरित्र से जनमानस को संस्कार और प्रेरणा मिल रही है।

### 26 को पूर्णाहुति, 27 को विशाल भंडारा

आयोजन समिति के अनुसार 26 जनवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं भागवत कथा का समापन, 27 जनवरी को तर्पण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### परंपरा, सहभागिता और समरसता का संदेश

यह भव्य धार्मिक आयोजन विधायक भूलन सिंह मरावी की पहल एवं मार्गदर्शन तथा ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पुरानी यह परंपरा इस वर्ष अपने शिखर पर पहुंच गई है, महायज्ञ ने न केवल पटना गांव बल्कि आसपास के अंचलों में भी भक्ति,सद्भाव और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया है–जहां हर वर्ग और हर आयु के लोग एक सूत्र में बंधकर आस्था का उत्सव मना रहे हैं।



# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2026 (घटती-घटना)।

सुरजपुर जिले में जिला प्रशासन,महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यूनिसेफ एवं ऐग्रिकोन फाउंडेशन द्वारा प्राष्टीय बालिका दिवस÷ के अवसर पर जिले के पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास और प्री मैट्रिक बालिका आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम किया गया।
इस कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण आधिकारी श्रीमती इंद्रा तिवारी, सखी वन स्टॉप सेन्टर से श्रीमती विनीता सिन्हा,यूनिसेफ एंड एग्रिकोंन फाउण्डेशन से जिला समनव्यक हितेश निर्मलकर, ब्लॉक से अंबुज मिश्रा और युवोदय वैलेंटियर खुशबु प्रजापति उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम में इंद्रा तिवारी मैम ने राष्टीय बालिका दिवस के द्वारा बालिकाओं को सशक्त बनाना, पॉश एक्ट, गुड टच बैड टच,जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना, बताया गया। सखी वन स्टॉप सेन्टर विनीता मैम ने सखी वन स्टॉप की 5 प्रकार की सेवाओं की जानकारी दी गई। यूनिसेफ से जिला समन्वयक हितेश ने बाल विवाह रोकथाम, किशोर सशक्तिकरण युवोदय के बारे में बताया, रूप नहीं गुण,पढ़ाई के कोने,गुड टच-बैड टच, बच्चों की सुरक्षा,शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, टोल फ्री नंबर दिया गया। श्री अंबुज मिश्रा द्वारा साइबर क्राइम की जानकारी के साथ 1930 निशुल्क नंबर दिया गया। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में अधीक्षिका श्रीमती अनास्तासिया और प्री मैट्रिक बालिका आश्रम में श्रीमती पूर्णिमा सिंह की उपस्थिति में हुई जिसमें श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम का धन्यवाद किया, इसे हर 6 माह में कराने का निवेदन किया हैं। कुल 80 की उपस्थिति में कुछ छात्राओ द्वारा कुछ साइबर सेल से जुड़ी कुछ सवालों के जवाब भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु शपथ ली गई।

# धान खरीदी में प्रदेशव्यापी घोटाले के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का प्रतीकात्मक विरोध

## भाजपा सरकार चूहों के नाम पर किसानों से कर रही लूट...चूहा पकड़ने की जाली भेंट कर जताया आक्रोश



-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।
प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान धान खरीदी केंद्रों पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। धान को चूहों से नुकसान का हवाला देकर किसानों की उपज में मनमानी कटौती की जा रही है,जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है,प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगातार एक जैसी शिकायतें सामने आना यह स्पष्ट करता है कि यह कोई सामान्य लापरवाही नहीं,बल्कि एक सुनियोजित और संगठित घोटाला है,जिसे सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसी प्रदेशव्यापी धान खरीदी घोटाले के विरोध में शुक्रवार को चैनपुर धान खरीदी केंद्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक अनोखा एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया,इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समिति प्रबंधक को चूहा पकड़ने की जाली भेंट करते हुए यह संदेश दिया कि यदि वास्तव में धान चूहों से खराब हो रहा है, तो पहले चूहों को पकड़ा जाए, न कि चूहों के नाम पर किसानों की मेहनत की कमाई लूटी जाए।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा,पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल, राजकुमार केसरवानी,कृष्ण मुरारी तिवारी,नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज मेमन,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूमा चटर्जी,आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष अमोल सिंह,मंडल अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम,दीपक श्रीवास्तव,अभय बड़ा,पार्षद अजय जायसवाल, स्वप्निल सिन्हा,रंजन शर्मा,अनिल केरकेट्टा, स्नेहिल शुक्ला,नाहर सिंह,पूनम सिंह,गीतिका चंदेल,मोहानी महतो,ममता रजक,शिवम सिंह, मोती सिंह,गोपाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में किसान,कांग्रेस पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ,किंतु कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की यह लड़ाई अब सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ी जाएगी।

### कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत कर धान उपजाता है, लेकिन खरीदी केंद्रों में चूहों के नाम पर भ्रष्टाचार कर किसानों के हक का धान खाया जा रहा है। यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चल रहा सीधा भ्रष्टाचार है। कांग्रेस किसानों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने देगी।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूरी तरह किसान विरोधी हैं। धान खरीदी में हो रही अनियमितताएं यह साबित करती हैं कि सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार केसरवानी ने कहा कि पूरे प्रदेश में एक जैसी गड़बड़ियां यह दर्शाती हैं कि यह योजनाबद्ध घोटाला है, जिसमें असली दोषियों को बचाने के लिए चूहों को बदनाम किया जा रहा है।

पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था से पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी और किसानों को उनका पूरा भुगतान नहीं मिला, तो कांग्रेस इस आंदोलन को और अधिक व्यापक तथा उग्र रूप देगी।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूमा चटर्जी ने कहा कि इस अन्याय का सीधा असर किसानों

# सहायक प्राध्यापक को मिला जिला स्वीप प्रोफेसर नोडल 2025-26 का बेस्ट अवार्ड




-संवाददाता-
सुरजपुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।
साधु राम सभागार में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर के सहायक प्राध्यापक धीरेन्द्र कुमार जायसवाल को जिला स्वीप प्रोफेसर नोडल 2025-26 का प्रतिष्ठित बेस्ट अवार्ड ऑफ स्वीप प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनीता वासनार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त का विडियो संदेश प्रदर्शित कर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मत के मूल्य के प्रति जागरूकता बेहद आवश्यक है। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित रंगोली, निबंध और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। बिहारपुर क्षेत्र से शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर के सहायक प्राध्यापक धीरेन्द्र कुमार जायसवाल को दिया गया। स्थानीय कर्मचारी और आम जनता के बीच सद्भाव बनाकर अधिकतम मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य लगातार जारी है।

# वीबी जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास होगा

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।
जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन बैकुण्ठपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकसित भारत जी राम जी के प्रदेश सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है,उन्होंने कहा कि वीबी जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर कौशल विकास,लघु उद्योग,स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।





जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब गांव,गरीब,किसान,महिला और युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जनजागरण अभियान के तहत घर-घर संपर्क कर सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। प्रदेश टोल सदस्य कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक लोकसभा व राज्यसभा में पूर्ण बहुमत से पारित हो चुका है, जिससे ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी आएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि यह योजना जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की तकदीर और तस्वीर बदलने का कार्य करेगी। इससे जनता को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला पदाधिकारी,मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन, 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत आवश्यकः श्रीमती विनीता वार्नर






-संवाददाता-
सुरजपुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।
आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सूरजपुर श्रीमती विनीता वार्नर के मुख्य आतिथ्य एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन के उपस्थिति में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार का संदेश उपस्थित जनों को सुनाया गया। अपने संदेश में उन्होंने देशभर के सभी मतदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को,गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व हुई थी। इसी ऐतिहासिक दिन को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है,जो पूर्णतः मतदाताओं को समर्पित है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2025 भारत निर्वाचन आयोग के लिए उपलब्धियों और नवाचारों का वर्ष रहा। आयोग ने अपने नए और प्रभावी स्वरूप में न केवल मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की,बल्कि मतदान प्रक्रिया को प्रत्येक मतदाता के लिए अधिक सरल,सुलभ और पारदर्शी बनाया। निर्वाचन से जुड़ी चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान करते हुए चुनाव की पूरी प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय बनाया गया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है,इसी उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। देशभर में नए नवाचारों के साथ व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता परिचय पत्र मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं। उन्होंने युवा मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक रहने,सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सूरजपुर श्रीमती विनीता वॉर्नर ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्रदान करता है और इसका निष्पक्ष रूप से उपयोग करना हमारा नैतिक दायित्व है। मतदाता ही राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करते हैं। उन्होंने नव मतदाताओं से मतदान के महत्व को समझने और देश को सशक्त बनाने के लिए विवेकपूर्ण मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में मतदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मतदाता दिवस जैसे आयोजनों को लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला बताया। साथ ही इस अवसर पर श्रीमती विनीता वार्नर द्वारा उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने,निष्पक्ष,स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा बिना किसी प्रलोभन के निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस. जयवर्धन ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मजबूती के लिए मतदाता सूची का अद्यतन आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवीन मतदाता पंजीयन,फॉर्म-06 की जानकारी देते हुए प्रत्येक निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी करने और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री दिल्ली सिंह बघेल-मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,श्री मानवेन्द्र सिंह-प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश,श्री सुमित कुमार हर्षियाना - द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश,श्री योगेश कुमार देवांगन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर,श्री रमेश गोर,डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर,श्रीमती शिवानी जायसवाल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सूरजपुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नशे के कारोबारियों पर सूरजपुर पुलिस का बड़ा प्रहार

## 2.50 लाख रुपये कीमत का 10 किलो 850 ग्राम गांजा जब्त,2 आरोपी गिरफ्तार



-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2026
(घटती-घटना)।
डीआईजी एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूरजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, दिनांक 25 जनवरी 2026 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि स्विफ्ट कार क्रमांक CG 11 BD 8383 में सवार तीन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम बड़सरा से कुसमुसी की ओर बिक्री के लिए आ रहे हैं, सूचना की तस्दीक करते हुए बसदेई पुलिस टीम ने कुसमुसी मेन रोड पर घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान कार में सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया, जबकि दो अन्य को मौके पर पकड़ लिया गया।

### पकड़े गए आरोपी

मुकेश कंवर,पिता-रामगोपाल,उम्र-25 वर्ष निवासी-ग्राम कटोरी,चौकी जटगा,थाना कटघोरा, जिला कोरबा
योगेश कंवर उर्फ सोनू, पिता-लक्ष्मण सिंह कंवर, उम-26 वर्ष निवासी-ग्राम केसलपुर,चौकी जटगा,थाना कटघोरा, जिला कोरबा
आरोपियों के कब्जे से कुल 10 किलो 850 ग्राम अवैध गांजा,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये,बरामद की गई।

### जब्त सामग्री-

10 किलो 850 ग्राम गांजा, परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार CG 11 BD 8383, 2 नग मोबाइल फोन बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है, प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश एवं पतासाजी जारी है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस सफल कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सारथी,आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार,राकेश सिंह,अशोक सिंह,प्रेम सिंह,भुवनेश्वर सिंह, अशोक केंवट,नगर सैनिक अनिल विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री साय बिलासपुर में आज राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे



रायपुर,25 जनवरी 2026। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राज्यपाल रमेन डेका राजधानी रायपुर में और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिला मुख्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर राज्य के अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रीगण,सांसदगण और विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन करेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू दुर्ग, उपमुख्यमंत्री अरुण साव बस्तर, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सरगुजा,विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव,आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम रायगढ़, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल गरियाबंद, वन मंत्री केदार कश्यप बीजापुर, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कबीरधाम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जशपुर, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी जांजगीर-चांपा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा कोरबा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर-रामानुजगंज, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव दंतेवाड़ा, तकनीकी एवं कौशल विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब बालोद एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसी तरह सांसद बृजमोहन अग्रवाल बलौदाबाजार, सांसद विजय बघेल बेमेतरा, सांसद संतोष पांडेय मोहला-मानपुर-चौकी, सांसद चिंतामणि महाराज सूरजपुर, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी महासमुंद, सांसद राधेश्याम राठिया सारंगढ़-बिलाईगढ़, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े सक्ती, सांसद महेश कश्यप नारायणपुर, सांसद भोजराज नाग कांकेर, सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, विधायक सुलता उसेंडी कोण्डागांव, विधायक पुन्नूलाल मोहले मुंगेली, विधायक भैयालाल राजवाड़े कोरिया, विधायक अजय चंद्राकर धमतरी, विधायक राजेश मूणत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं विधायक किरण देव जिला मुख्यालय सुकमा में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

# गणतंत्र दिवस पर डीजी जेल हिमांशु गुप्ता समेत 25 अधिकारी को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

रायपुर,25 जनवरी 2026। स्वतंत्रता दिवस 2025 के मौके पर महानिदेशक जेल हिमांशु गुप्ता समेत पुलिस विभाग के आईजी ध्रुव गुप्ता अअवि पीएचक्यू,एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर समेत 25 अफसर-कर्मियों को राष्ट्रपति का पुलिस पद देने की घोषणा की गई। इन्हें 26 जनवरी 2026 को पुलिस मैदान रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा। केन्द्रीय गृह विभाग के मुताबिक डीजी जेल गुप्ता को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए आईजी ध्रुव गुप्ता, डीआईजी प्रशांत ठाकुर, सेनानी 19 वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर श्वेता राजमणी, पुलिस अधीक्षक,जिला-कोरिया रवि कुमार कुर्रे,निरीक्षक अ/स्टेनो पीएचक्यू कौशिल्या भट्ट, समनि (गुप्तवार्ता)



पीएचक्यू रोहित कुमार झा,निरीक्षक अ,विशेष शाखा पीएचक्यू कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमाण्डर 13वीं वाहिनी छसबल कोरबा डाल सिंह नामदेव, कंपनी कमाण्डर,15वीं वाहिनी छसबल बीजापुर दिलीप कुमार सिन्हा,एपीसी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई सुशील कुमार बरूआ को प्रदान किया जाएगा. सुकमा के तीन शहीद पुलिस कर्मियों रामूराम नाग एएसआई,कुंजाम जोगा और वंजाम भीमा,आरक्षक समेत 14 अधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक प्रदान किया जाएगा। वीरता पदक के लिए चयनित अधिकारियों-कर्मियों में सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक,सुकमा हाल परिसहाय राजभवन, सुकमा के उपनिरीक्षक संदीप कुमार माडिले,आरक्षक मड़कम पाण्डू, मड़कम हड़मा,मड़कम देवा, बारसे हुंगाए, सहायक आरक्षक रोशन गुप्ता, सूरज कुमार मरकाम, (हाल प्रधान आरक्षक, दंतेवाड़ा) आरक्षक माड़वी सन्नू दंतेवाड़ा, कंपनी कमाण्डर, 17वीं वाहिनी छसबल करोड़ सिंह एवं पुरुषोत्तम देवांगन, आरक्षक 941 दंतेवाड़ा शामिल हैं।

### शिक्षा विभाग में बड़ा घोटाला : 218 करोड़ की वित्तीय अनियमितता का खुलासा

# पूर्व बीईओ ने आरोपों को बताया निराधार,डीईओ ने कहा... अधिकारी के स्पष्टीकरण के बाद की जाएगी कार्रवाई

कवर्धा,25 जनवरी 2026। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते तीन सालों में कोषालय से निकाले गए करीब 218 करोड़ रुपये के लेन-देन को लेकर ऑडिट रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 के बीच कैश बुक, वाउचर और बिल रजिस्टर गायब पाए गए हैं, जिसके बाद तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) संजय जायसवाल पर बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता




के आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले में अब पूर्व बीईओ संजय जायसवाल का पक्ष भी सामने आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षकों का वेतन नियमित रूप से भुगतान किया गया और सभी बिल, वाउचर, कैश बुक सहित वित्तीय दस्तावेज 11 दिसंबर 2025 को वर्तमान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंप दिए गए थे, जिसकी रसीद उनके पास मौजूद हैं। पूर्व बीईओ ने बताया कि उनका कार्यकाल अक्टूबर 2022 से सितंबर 2025 तक रहा। इस दौरान कक्ष प्रभारी योगेंद्र कश्यप को मौखिक और लिखित दोनों रूपों में आवश्यक निर्देश दिए गए, लेकिन बार-बार कहने के बावजूद उन्होंने दस्तावेजों का संधारण ठीक से नहीं किया। इसी लापरवाही के कारण कई वित्तीय अभिलेख अधूरे रह गए। कक्ष प्रभारी को नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। संजय जायसवाल का दावा है कि उनके कार्यकाल में किसी भी प्रकार का गबन नहीं हुआ है और उनके पास हर लेन-देन से जुड़े साक्ष्य मौजूद हैं। स्थानांतरण के समय उन्होंने पूरे मामले की जानकारी तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी दे दी थी। वहीं मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) एफ.आर. वर्मा ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑडिट में कुछ कमियां सामने आई हैं,जिनके संबंध में तत्कालीन अधिकारी से स्पष्टीकरण लिया जा रहा है। जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दंतेश्वरी मंदिर में चोरी करने वाले की सामने आई तस्वीर,सूचना देने वालों के लिए पुलिस ने रखा ईनाम

जगदलपुर,25 जनवरी 2026। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर स्थित प्रसिद्ध माँ दंतेश्वरी मंदिर में हुई चोरी के मामले में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 23-24 जनवरी की दरमियानी रात मंदिर में हुई चोरी की वारदात के बाद अब आरोपी की तस्वीर सामने आ चुकी है। पुजारी की सूचना पर 24 जनवरी की सुबह पुलिस हरकत में आई। पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ सिन्हा के निर्देशन में जिला पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुल 9 विशेष टीमें गठित की गई हैं। जांच के दौरान 100 से अधिक शासकीय और निजी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी के चेहरे की स्पष्ट पहचान की गई है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी में मदद करने वाले व्यक्ति को 5,000 नगद



इनाम देने की घोषणा की है। फिलहाल उड़ीसा और पड़ोसी जिलों में 4-5 पुलिस टीमें सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। चोरी के बाद मंदिर परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और जांच के दौरान श्रद्धालुओं के लिए दर्शन अस्थायी रूप से बंद किए गए थे।

### मुख्यमंत्री साय ने जशपुर में होमस्टे का किया शुभारंभ

# एक मॉडल सामुदायिक पर्यटन स्थल के रूप में ग्राम केरे को किया जाएगा विकसित : सीएम साय

रायपुर,25 जनवरी 2026। जशपुर जिले को एक प्रमुख इको-पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में आयोजित कार्यक्रम में भारत के अग्रणी होमस्टे प्लेटफॉर्म होमस्टेज़ ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ शासन और जशपुर जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम केरे को एक मॉडल सामुदायिक पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्राम केरे में तैयार किए गए होमस्टे का शुभारंभ किया गया। एमओयू के अंतर्गत जशपुर का पहला संगठित होमस्टे ग्राम बनाने की दिशा में कार्य होगा। एक सुव्यवस्थित एवं विस्तार योग्य होमस्टे-



आधारित ग्रामीण पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना होगी। इस पहल के माध्यम से स्थानीय परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी,सतत आजीविका को सुदृढ़ किया जाएगा तथा क्षमता निर्माण और कौशल विकास के जरिए युवाओं एवं महिलाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस परियोजना का मूल उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना है, ताकि पर्यटन विकास समावेशी,समुदाय-स्वामित्व वाला और पर्यावरण की दृष्टि से सतत बना रहे तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति में हुए इस समझौता का ज्ञापन पर कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद वर्मा और होमस्टेज़ ऑफ इंडिया प्रा. लि. के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल राज्य सरकार की इको-पर्यटन, समावेशी विकास एवं समुदाय-नेतृत्व वाले आर्थिक विकास की परिकल्पना के अनुरूप है। स्थानीय संस्कृति और प्रकृति पर आधारित प्रामाणिक पर्यटन अनुभवों के माध्यम से यह परियोजना जशपुर की पहचान को सशक्त करेगी और उसे राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य पर्यटन मानचित्र में स्थापित करने में सहायक होगी।

# नक्सलियों को बड़ा झटका...सुकमा-बीजापुर सीमा पर दो हथियार डंप तबाह



सुकमा,25 जनवरी 2026। गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबों पर करारा प्रहार करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। सुकमा-बीजापुर सीमा क्षेत्र के पालागुड़ा जंगल में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के दो हथियार डंप सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिए।

इस कार्रवाई में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार और नक्सली उपयोग का सामान बरामद किया गया है। यह कार्रवाई सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन द्वारा विशेष खुफिया सूचना के आधार पर की गई। पालागुड़ा कैंप से दक्षिण दिशा में स्थित घने जंगलों में चलाए गए इस ऑपरेशन का नेतृत्व एफ/150 कंपनी के चीता रौशन कुमार झा और जी/150 कंपनी के चीता अजय कुमार ने किया, जबकि पूरी कार्रवाई की निगरानी कमांडेंट राकेश चंद्र शुक्ला ने की। ऑपरेशन में QAT/150 टीम भी शामिल रही। सर्चिंग के दौरान जंगल में बने नक्सलियों के दो ठिकानों से ऐसे डंप बरामद हुए, जहां हथियारों की मरम्मत,निर्माण और विस्फोटक तैयार किए जा रहे थे। डंप से तीन सिंगल शॉट राइफल,कॉर्डेक्स वायर,सेफ्टी फ्यूज,बीजीएल बैरल, बड़ी संख्या में बुलेट हेड, वेल्डिंग और लेथ मशीन, ब्लो लैम्प,ड्रिल बिट, मोटर,लोहे की रॉड-पाइप,नक्सली साहित्य,वर्दी, तिरपाल, तार-केबल और प्लास्टिक ड्रम सहित भारी मात्रा में सामग्री जब्त की गई।

# शिक्षाकर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने हाई कोर्ट ने दिया शासन को स्पष्ट-पारदर्शी नियम बनाने का निर्देश



बिलासपुर,25 जनवरी 2026। हाई कोर्ट ने पुरानी सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के लिए नीति बनाने के निर्देश शासन को दिया है. सहायक शिक्षक,शिक्षाकर्मियों की याचिका पर न्यायमूर्ति एके प्रसाद की बेंच में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ने पैरवी की. दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत सहायक शिक्षक,शिक्षक तथा (एल.बी.) संवर्ग के शिक्षक. जिनकी प्रारंभिक नियुक्ति वर्ष 1998-99 में सहायक शिक्षक/शिक्षाकर्मी (पंचायत)/ शिक्षाकर्मी (नगरी निकाय) के पद पर हुई थी, तब से निरंतर सेवाएं देते आ रहे थे। वर्ष 2018 में इनका संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में कर दिया गया,तथा राज्य शासन ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी। लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पेंशन के लिए उनकी सेवा की गणना प्रारंभिक नियुक्ति, नियमितीकरण या वर्ष 2018 में हुए संविलियन में से किस तारीख से की जाएगी. की स्पष्ट निर्देश ना होते हुए भी 1 अप्रैल 2012 से शिक्षक पंचायत/नगरी निकाय संवर्ग के लिए नवीन अंशदाई पेंशन योजना लागू की गई थी. शिक्षाकर्मी यदि उनके मूल वेतन की 10% तक राशि इस योजना में जमा करता है तो नियोक्ता द्वारा भी उतने ही राशि अपने अंश के रूप में जमा करने का प्रावधान किया गया था, तथा एनपीएस के रूप में राशि कटौती की जा रही थी। जिससे परिवेदित होकर एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों द्वारा हाई कोर्ट अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी,अनूप मजूमदार,ईशान वर्मा, सी. जयंत,के. राव, मोनिका ठाकुर के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की गई थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एके प्रसाद की बेंच में हुई,याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी द्वारा यह आधार लिया गया था।

# छॉलीवुड निर्मता मोहित साहू ने की खुदकुशी करने की कोशिश,एक्ट्रेस से मारपीट के मामले में दर्ज है एफआईआर

रायपुर,25 जनवरी 2026। छॉलीवुड की एक्ट्रेस से मारपीट मामले में एफआईआर होने के बाद छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्मता मोहित साहू ने खुदकुशी की कोशिश की है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची है। बता दें कि दो दिन पहले ही छत्तीसगढ़ी एक्ट्रेस ने मोहित साहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, बेसुध हालत में थाना पहुंची युवती ने अपने साथ हुए मारपीट की घटना को बताई थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। आरोप है कि छत्तीसगढ़ी एक्टर मोहित साहू ने दूसरी शादी करने के बाद एक्ट्रेस के साथ मारपीट करता था।



**यह है पूरा मामला :** पीड़िता की शिकायत पर पुरानी बस्ती थाना में मामला दर्ज किया गया है। युवती ने आरोप लगाया है कि मोहित साहू ने शादी का झांसा देकर उसे उज्जैन ले जाकर जबरन विवाह के लिए दबाव बनाया, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। इस दौरान उसने युवती के साथ मारपीट की और कैंची व झारा जैसी ठोस वस्तुओं से हमला किया।

**दोनों के बीच पहले से विवाद :** पीड़िता के अनुसार, मोहित साहू पहले से शादीशुदा है और अपनी पत्नी व युवती को अलग-अलग रखकर दोनों के बीच तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर रहा था। दोनों के बीच पहले विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी कथित तौर पर युवती के घर में घुस गया और उस पर हमला किया। यह घटना भाटा गांव स्थित सिल्वर वॉक, ब्लॉक 410 क्षेत्र की बताई जा रही है। एफआईआर में आरोपी पर लगातार हिंसक व्यवहार,डराने-धमकाने और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट की राहत के बीच थाने पहुंचा हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर,पुलिस के सामने किया सरेंडर

रायपुर,25 जनवरी 2026। रायपुर। लंबे समय से फरार चल रहा हिस्ट्रीशीटर और सूदखोर रोहित तोमर आखिरकार पुलिस के सामने पेश हुआ। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने के बाद रोहित तोमर आज पुरानी बस्ती थाना पहुंचा, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। रोहित तोमर के खिलाफ राजधानी के तेलीबांधा, पुरानी बस्ती सहित विभिन्न थानों में 16 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें चाकूबाजी, मारपीट, हत्या का



प्रयास, धमकी, धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग जैसे संगीन अपराध शामिल हैं। पुलिस को बीते लंबे समय से रोहित तोमर की तलाश थी, लेकिन वह पकड़ से बाहर था। इससे पहले उसके बड़े भाई रूबी उर्फ वीरेंद्र तोमर को 8 नवंबर को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया था। इस बीच रोहित तोमर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उसे गिरफ्तारी से अंतरिम राहत मिली। कोर्ट ने पुलिस कार्रवाई में सहयोग करने के निर्देश दिए, जिसके तहत आज वह स्वयं थाने पहुंचकर पूछताछ में शामिल हुआ। पुलिस अब कानूनी दायरे में रहकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस अफसर होंगे सम्मानित,एक को राष्ट्रपति पदक,वीरता पदक किसी को भी नहीं



रायपुर,25 जनवरी 2026। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अफसरों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित पदकों की घोषणा कर दी गई है। इस साल छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य से एएसआई रामअवतार सिंह राजपूत को राष्ट्रपति पदक से नवाजा जाएगा। उन्हें यह सम्मान लंबे समय से अनुशासित सेवा और कर्तव्यनिष्ठ कार्य के लिए दिया जा रहा है। वहीं,इस बार किसी भी पुलिसकर्मी को वीरता पदक नहीं मिला है। इसके अलावा 10 पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनमें आईजी राम गोपाल, एसपी शशि मोहन सिंह, एसपी राजश्री मिश्रा, एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, कमांडेंट निवेदिता पॉल, कमांडेंट मनीषा ठाकुर रावते, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल, एएसपी एम.एस. उनैज़ा खातून अंसारी, असिस्टेंट कमांडेंट जयलाल मरकाम और प्लाटून कमांडर हजारी लाल साहू शामिल हैं।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार ये सम्मान अधिकारियों के समर्पण, प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए दिया गया है। गणतंत्र दिवस पर घोषित इन सम्मानों से प्रदेश पुलिस बल का मनोबल बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

CMYK

# संस्कृति का संस्कार रूप साहित्य अमर है

## साहित्य, संस्कार, सिनेमा और राष्ट्र बोध के नाम रहा रायपुर साहित्य उत्सव



इस तीन दिवसीय साहित्य उत्सव में विचारों का खुलकर आदान प्रदान हुआ, जिससे लोगों को बहुत सारी बातें सीखने का मौका मिला, पाठकों को नई पुस्तकें पढ़ने का मौका मिला। शब्द का रूप ब्रम्ह है, आजादी के आंदोलनों के समय वंदेमातरम के दो शब्दों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में सभी को बांधने का कार्य किया। मन में अनुभूति से ही साहित्य बनता है, कविता में संदेश होना चाहिए। साहित्य हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता है, सभी को साहित्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

**श्री रमेन डेका**
माननीय राज्यपाल



साहित्य किसी राष्ट्र की आत्मा और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। छतीसगढ़ के साहित्यों का इतिहास बहुत समृद्ध रहा है। यहां महाकवि कालिदास द्वारा मेघदूतम की रचना की गई, यहां पदुम लाल पुन्नालाल बख्शी, मुक्तिबोध, विनोद कुमार शुक्ल के द्वारा हमारे साहित्य की अविरल धारा को प्रवाहित किया गया है। साहित्य में मानवीय चेतना के अभिन्न अंग रहते हैं, उनको जीवंत करने का कार्य इस उत्सव में किया गया है।

**श्री ओपी चौधरी**
माननीय वित्त मंत्री



आज फ़िल्म के हिट और फ्लॉप होने की बात अधिक होती है। सिनेमा को देखने का मापदंड बदल गया है। सिनेमा का सामाजिक सरोकार नहीं रहा। सिनेमा आपके प्रश्नों को तभी उठाएगा, जब उससे सिनेमा को बड़ा लाभ होगा। आज के समय में आप चाणक्य नहीं बना सकते। हिंदी सिनेमा में हिंदी का स्तर कहां तक पहुंचा है, यह एक बड़ी चुनौती है। सभी सिनेमा को सरल करने की बात करते हैं, हिंदी में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग होता है।

**डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी**
अभिनेता, निर्देशक
प्रसिद्ध धारावाहिक चाणक्य



सिनेमा एक ऐसा औजार है जो बिगड़े हुए समाज को शेप दे सकता है। अगर हम सिनेमा से सामाजिक सरोकार की अपेक्षा करते हैं, तो बहुत से लेखक-निर्देशक आज भी इस दायित्व को निभाते आ रहे हैं। हम जब भी फ़िल्मों की बात करते हैं, तो पसंद-नापसंद की बात अपने आप ही सामने आ जाती है। फ़िल्में समाज का जरूरी हिस्सा हैं।

**श्री अनुराग बसु**
फिल्म निर्देशक

संवाद 46675/43

छत्तीसगढ़ की माटी की महक से रचा-बसा नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन इन दिनों शब्द, संवेदना और संस्कृति की त्रिवेणी में स्नात होकर एक विराट वैचारिक तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हो उठा है। तीन दिवसीय 'साहित्य, संस्कार और स्वाध्याय' के इस महाकुंभ में विचारों की अविरल धारा समाज, राष्ट्र और मनुष्यता को आलोकित कर रही है। उत्सव के तीसरे दिन भी साहित्यप्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता रहा, जहाँ नागरिकों, छात्रों और शोधार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को जन-संवाद का जीवंत स्वरूप प्रदान किया

सुबह से ही सत्रों और परिचर्चाओं के लिए पंजीयन काउंटरों पर दिखाई देती लंबी कतारें साहित्यिक गतिविधियों के प्रति समाज की गहरी रुचि का प्रमाण थीं। उत्सव के विविध सत्रों में साहित्य, संस्कृति, कला, मीडिया और तकनीक जैसे समकालीन विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ, जिसे प्रख्यात वक्ताओं और लेखकों की गरिमामयी उपस्थिति ने और अधिक समृद्ध बनाया।

चिंतन, संवाद और सृजन का यह विराट आयोजन आज 'आदि से अनादि तक' की शाश्वत चेतना को आत्मसात कर संपन्न हुआ। विभिन्न सत्रों में देश के शीर्ष विद्वानों द्वारा झंकृत सामाजिक चिंतन के ये स्वर भारत की बौद्धिक विरासत की ही गूँज हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करेगा और साहित्य के 'अमर संस्कार' को सदैव ज्ञान, अध्यात्म एवं चेतना की सरिता से अभिसिंचित करता रहेगा।

समापन समारोह छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जहाँ विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विख्यात फिल्मकार डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी और अनुराग बसु ने कार्यक्रम की गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

### उत्सव की मुख्य झलकियां

वैचारिक विमर्श: विनोद कुमार शुक्ल, लाला जगदलपुरी और श्यामलाल चतुर्वेदी जैसे मनीषियों के नाम पर बने मंडपों में संविधान, भारतीय मूल्य, सिनेमा, पत्रकारिता और शासन जैसे विषयों पर गंभीर संवाद हुए।

### सांस्कृतिक चेतना

उत्सव के केंद्र में 'नव युग में भारत बोध' और छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ की गूंज रही, जिसने स्थानीय कला और राष्ट्रीय चेतना को एक सूत्र में पिरोया।

### लोक नृत्य ने जीता दर्शकों का दिल

पंडवानी गायिका दुर्गा साहू, रायपुर की प्रस्तुति और पंथी नृत्य में वेदप्रकाश माहेश्वरी की प्रस्तुति ने बांधा समा




### ओपन माइक में नवोदित कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति





### नाट्यशास्त्र और कला परम्परा पर हुआ सार्थक संवाद

राजा चक्रधर सिंह को समर्पित इस सत्र में प्रख्यात वक्ता डॉ. सच्चिदानंद जोशी, डॉक्टर लवली शर्मा,कुलपति और राजेश गनोदवाले हुए शामिल




### चित्रकला प्रदर्शनी

प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और जनजीवन को दर्शाती विविध चित्रकृतियां प्रदर्शित की गईं




### छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ

लोकभाषा और संवेदना से सजा साहित्यिक मंच







भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आज हम देश के गणतंत्र का पर्व मना रहे हैं। यह दिन उन स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण करने का अवसर है, जिनकी बदौलत हमें गणतंत्र प्राप्त हुआ। हमारे पूर्वजों ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो अंत्योदय के भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, समानता और विकास पहुँचाने का मार्ग दिखाता है।

आज यदि भारतीय लोकतंत्र विश्व में सम्मान के साथ खड़ा है, तो इसके पीछे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले हमारे वीर सपूतों का अमूल्य योगदान है। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ नक्सलवाद जैसी आंतरिक चुनौतियों से मुकाबला करते हुए हमारे सुरक्षा बल लोकतंत्र को सशक्त बना रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी वीर जवानों को सादर नमन करते हैं।

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



संवाद 46676/55
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050,डॉक रजिस्टर्ड क्र.:-13/सरगुजा/डीएन/2026-2028-मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
चिंतामणि महाराज
सांसद सरगुजा
छ.ग. शासन


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
लक्ष्मी राजवाड़े
महिला बाल विकास मंत्री
छ0ग0 शासन


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रबोध मिंज
विधायक-लुण्ड्रा
सरगुजा, छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
राम कुमार टोप्पो
विधायक
सीतापुर, सरगुजा, छ.ग.


77 वें गणतंत्र दिवस पर
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
26
गणतंत्र दिवस
HINDALCO
ADITYA BIRLA GROUP
हिन्डाल्को
इन्डस्ट्री लिमिटेड
सामरी बाक्साईड माईन्स


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
टी.एस. सिंह देव
पूर्व उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़
आदित्य शरण सिंह देव
पूर्व उपाध्यक्ष
जिला पंचायत सरगुजा


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश अग्रवाल
विधायक-अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा, छ.ग.


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.अजय तिर्की
पूर्व महापौर
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
देशवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
स्व.गजेन्द्र नारायण सिंह
श्रीमती मुखरानी देवी
जी.एन.सेवा समिति अम्बिकापुर


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
अमरजीत भगत
पूर्व खाद्य मंत्री, शासन


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.आई.ए.खान सुरी
प्राचार्य
ओरियंटल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
बाबर ईदरिसी
कोषाध्यक्ष
कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरगुजा


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
विकास तिवारी
मुकेश दुबे
अम्बे ग्रुप ऑफ, इंडस्ट्रीज
बनारस रोड, चठीरमा, अम्बिकापुर


गणतंत्र दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
अतुल सिंह
ए कांट्रेक्टर
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)



प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
बिरेन्द्र सिंह
ए-क्लास ठेकेदार
अम्बिकापुर, सरगुजा


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग-सीतापुर,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-धौरपुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-मैनपाट
सरगुजा,छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-लखनपुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग-2,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
उप पंजीयक कार्यालय
उप पंजीयक
के समस्त स्टाफ,अम्बिकापुर,सरगुजा


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
परियोजना अधिकारी
बाल विकास परियोजना,अधिकारी शहर
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-अम्बिकापुर
के समस्त कर्मचारीगण
सरगुजा,छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर
पर जिले वासियों को हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं ..
डायरेक्टर (संचालक)
मेडिकल कॉलेज
जिला अस्पताल के समस्त
स्टाफ,अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26 January
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य चिकित्सा एवं
स्वास्थ्य अधिकारी
एवं समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
एवं रेशम विभाग अम्बिकापुर
के समस्त स्टाफ
सरगुजा,छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
राष्ट्रीय राज्य मार्ग
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.



गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26
January
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग
के समस्त कर्मचारी,अम्बिकापुर


गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर
पर जिले वासियों को हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं ..
अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत अम्बिकापुर
के समस्त स्टाफ सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26
JANUARY
सहायक आयुक्त
आदिम जाति कल्याण विभाग
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-उदयपुर
के समस्त कर्मचारीगण,जिला-सरगुजा


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-उदयपुर के
समस्त स्टाफ,सरगुजा


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक अभियंता
एवं समस्त स्टाफ
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग, उप संभाग-1
समस्त स्टाफ,सरगुजा

दैनिक घटती-घटना सभी पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण (कृडा) के समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
मुख्य कार्यपालन अधिकार
जनपद पंचायत-बतौली
सरगुजा,छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
उप संभाग-सीतापुर, सरभुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
उप संभाग-उदयपुर, सरभुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन मण्डलाधिकार
वन मण्डल
बलरामपुर के समस्त कर्मचारी
बलरामपुर-रामानुजगंज,छ.ग.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
वन परिक्षेत्राधिकारी,वन परिक्षेत्र-बलरामपुर
के समस्त कर्मचारीगण बलरामपुर-रामानुजगंज,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-शंकरगढ़
के समस्त कर्मचारीगण
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सीतापुर
के समस्त स्टाफ,सरगुजा,छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत मैनपाट
के समस्त स्टाफ,सरगुजा,छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत लुण्ड्रा
के समस्त कर्मचारी,सरगुजा,छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रा.गं.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
के समस्त कर्मचारी, अम्बिकापुर

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
कार्यपालन अभियंता
लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समस्त कर्मचारी, अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन मण्डलाधिकार
सरगुजा वन मण्डल
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग, उप संभाग-3
लुण्ड्रा-बतौली, सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग, उप संभाग-2
सीतापुर-मैनपाट, सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ..
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचाययत लखनपुर
सरगुजा,छ.ग.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचाययत उदयपुर
सरगुजा,छ.ग.

CMYK

दैनिक घटती-घटना — सभी पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं











































